No.- CSU-LKO/2024-2025/Hostel /01 /

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

अत्यावश्यक सूचना -06 दिनांक - 12.04.2024

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के अनुसार शास्त्री प्रथमवर्ष (द्वितीय सत्रार्ध), शास्त्री द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सत्रार्ध), आचार्य प्रथम वर्ष (द्वितीय सत्रार्ध) एवं आचार्य द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सत्रार्ध) के विद्यार्थियों को प्रशिक्षुता कार्य (Internship) करना अनिवार्य है। उपर्युक्त कार्य के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रकार से दिशा निर्देश जारी किया है-

शास्त्री द्वितीय सत्रार्द्ध के लिए प्रशिक्षुता:-

2 क्रेडिट के लिए- 5 कार्यदिवस (32-40 घण्टे) दिनांक 10-14 मई, 2024

करणीय कार्य योजना इस सत्रार्द्ध की प्रशिक्षुता परिसर स्तर सम्पन्न की जायेगी, जिसके अन्तर्गत निम्नोक्त कार्य किये जा सकते हैं। :-

- पुस्तकालय प्रबन्धन।
- परिसर में छात्रों के समूह बनाकर बागवानी का कार्य।
- परिसर स्तर पर स्वच्छता अभियान।
- संस्कृत प्रचार प्रसार संवर्धन हेतु सामाजिक दायित्व निर्वहण |
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का विक्रयण। (मूल्य 2000/- प्रति क्रेडिट)
- एनएसएस के माध्यम से गतिविधियाँ।

शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध एवं आचार्य व एम.ए. द्वितीय सत्रार्ध के लिए प्रशिक्षुता:-

4 क्रेडिट के लिए 10 कार्यदिवस (64-80 घण्टे) दिनांक 11-20 मई, 2024

करणीय कार्य योजना इस सत्रार्द्ध की प्रशिक्षुता परिसर स्तर सम्पन्न की जायेगी, जिसके अन्तर्गत निम्नोक्त कार्य किये जा सकते हैं। :-

- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में (एमएसपी) द्वारा संचालित किसी भी प्रमाण-पत्र / डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पूर्णता पर (02 क्रेडिट)।
- शेष 02 क्रेडिट के लिए - नाटक प्रशिक्षण / नाट्यकेन्द्र।
- अनुदान प्राप्त कार्य परियोजनाओं में प्रतिभागिता।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का विक्रयण। (मूल्य 2000/- प्रति क्रेडिट)

आचार्य एवं एम.ए. चतुर्थ सत्रार्ध के लिए प्रशिक्षुता:-

6 क्रेडिट के लिए 15 कार्यदिवस (98-120 घण्टे)

उपर्युक्त प्रशिक्षुता के सम्बन्ध में दिनांक 15.04.2024 को कक्ष संख्या- 32 में अपराह्न 04.00 बजे में सभी छात्रों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा ओरिएण्टेशन दिया जायेगा, जिससे कि सम्बन्धित विद्यार्थिओं को उक्त कार्य हेतु विषय चयन में सुविधा हो सके। अतः दिनांक 15.04.2024 को निर्धारित समय एवं स्थान पर शास्त्री प्रथमवर्ष, शास्त्री द्वितीय वर्ष, आचार्य प्रथमवर्ष, एम.ए. प्रथम वर्ष, आचार्य द्वितीय वर्ष एवं एम. ए. द्वितीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि-

1 उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2 सूचना सञ्चिका
3 सम्बद्ध सञ्चिका
5. सूचना पट्ट मुख्य भवन, भरद्वाज एवं गार्गी छात्रावास
5 वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
6 प्रो गुरुचरण सिंह नेगी, संयोजक, IQAC
7 निदेशक कार्यालय प्रति